भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3557
दिनांक 10 अगस्त, 2021

गुजरात में कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके)

3557. श्री मोहनभाई कुंडारिया:

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने गुजरात के मोरबी में कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) का निर्माण शुरू कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो भूमि अधिग्रहण तथा निर्माण-पूर्व क्रियाकलाप सहित परियोजना की कुल अनुमानित लागत के साथ तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या इस केवीके के निर्माण के दौरान स्थानीय स्तर पर रोजगार की कोई संभावना पैदा होने की संभावना है; और

(ङ) सरकार द्वारा केवीके, मोरबी को कार्यशील बनाने के लिए क्या समय-सीमा तय की गई है और क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
कृषि और किसान कल्याण मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ग): जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, जूनागढ़ के लिए मोरबी, गुजरात में कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) की स्वीकृति 18.10.2016 को प्रदान की गई थी। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रशासनिक भवन तथा किसान होस्टल के निर्माण का कार्य वर्ष 2019-20 के दौरान क्रमश: रू. 143.00 लाख तथा रू. 61.00 लाख की लागत से पूरा किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र के लिए निशुल्क भूमि प्रदान की गई है।

(घ) चूंकि भवन का निर्माण हो चुका है अत: इस संबंध में कोई प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) कृषि विज्ञान केन्द्र, मोरबी ने मार्च 2017 से काम करना प्रारंभ कर दिया है।

****